कार्यालय पुलिस उपायुक्त काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी

प्रेस-नोट

दिनांक-30.06.2025

विषयः- थाना दशाश्वमेध पुलिस द्वारा चैन लूटने वाला अभियुक्त गिरफ्तार, अवैध देशी तमंचा 32 बोर व लूटी चैन बिक्री के 1,68,020 रुपया बरामद।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अभियुक्तों की गिरफ़्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त काशी जोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त दशाश्वमेध के नेतृत्व में थाना दशाश्वमेध पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0- 149/2025 धारा 309(4)/ 317(2) BNS थाना दशाश्वमेध वाराणसी से सम्बन्धित अभियुक्त शोभित डे उर्फ हर्ष यादव पुत्र प्रदीप कुमार डे निवासी D 33/39 खालिसपुरा दशाश्वमेध वाराणसी, उम्र करीब 21 वर्ष को दिनांक 30.06.2025 को शीतला घाट के हवा गली के खण्डहर के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से दिनांक 26.06.2025 को भोर मे महिला दर्शनार्थी से लूटी गयी चैन के विक्रय मे से शेष 168020 रुपया व एक अदद देशी तमंचा बरामद हुआ। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना दशाश्वमेध पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण- अभियुक्त शोभित डे उर्फ हर्ष पुत्र प्रदीप कुमार डे निवासी D 33/39 खालिसपुरा दशाश्वमेध वाराणसी, वर्तमान पता एन 15/226 बजरडीहा सुदमापुर थाना भेलूपुर कमि0 वाराणसी उम्र करीब 21 वर्ष।

बरामदगीः-

1. 168020 रुपया (सोने की चैन का बेचने की कीमत)
2. एक अदद देशी तमंचा 32 बोर।

पूछताछ विवरणः- अभियुक्त द्वारा बताया गया कि दिनांक 26.06.2025 को भोर मे करीब 04.15 बजे आन्ध्र आश्रम से वाराही माता मन्दिर की ओर आन्ध्र प्रदेश की एक वृद्ध महिला दर्शनार्थी से उसके गले मे पहनी चैन को बल पूर्वक लूट लिया था जिसे खोजवा एक ज्वैलर्स को अपनी चैन बताते हुए बेचा था और उसका पूरा मूल्य 172000 रुपये प्राप्त हुआ था। जिसमे से शेष 168020 रुपया व एक अदद देशी तमंचा 32 बोर के बरामद हुआ।

अभियोग का विवरणः-

1. मु0अ0सं0- 149/2025 धारा 309(4)/ 317(2) BNS थाना दशाश्वमेध वाराणसी
2. मु0अ0सं0- 151/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना दशाश्वमेध वाराणसी

गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान- दिनांक- 30.06.2025 को स्थान- शीतला घाट के हवा गली के खण्डहर के पास।

<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>

1. प्रभारी निरीक्षक श्री विजय कुमार शुक्ला थाना दशाश्वमेध कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 श्री विजय कुमार चौधरी थाना दशाश्वमेध, कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 श्री अभिषेक कुमार त्रिपाठी थाना दशाश्वमेध कमिश्नरेट वाराणसी।
4. उ0नि0 श्री अजितेश कुमार चौधरी थाना दशाश्वमेध,कमिश्नरेट वाराणसी।
5. कां0 राजन सिंह थाना दशाश्वमेध,कमिश्नरेट वाराणसी।
6. कां0 उपेन्द्र शाह थाना दशाश्वमेध,कमिश्नरेट वाराणसी।
7. कां0 भूपेन्द्र कुमार थाना दशाश्वमेध कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त, जोन-काशी
कमिश्नरेट वाराणसी